दिनांक - 09.03.2026

सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक का आयोजन दिनांक 11 मार्च 2020 को होना सुनिश्चित है।

अत: सभी सम्मानित सदस्यों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि को प्रात: 11:00 बजे बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत करें।

बैठक का एजेंडा निम्नलिखित है-

1- आगामी अप्रैल माह में आयोजित होने वाली परीक्षा की तैयारी की समीक्षा।
2. विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम की पूर्णता की स्थिति पर चर्चा।
3. शेष पाठ्यक्रम को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने हेतु आवश्यक निर्देश।
4. परीक्षा में विद्यार्थियों के उन्नत प्रदर्शन हेतु उपाय।

आपकी उपस्थिति संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता उन्नयन हेतु अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

[signature] [signature] 09/03/2026

IQAC (आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) समन्वयक

प्राचार्य

दिनांक - 11.03.2026

दिनांक 11.03.2026 को आयोजित IQAC की बैठक का कार्यवृत्त

आज दिनांक 11.03.2026 को प्रात: 11:00 बजे आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक का शुभारंभ प्राचार्य जी की अनुमति से किया गया। IQAC की समन्वयक प्रो॰ उषा कुमारी ने समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्य पर संक्षिप्त प्रकाश डाला एवं पिछली बैठक के मिनट्स पढ़े। उनके द्वारा निर्धारित एजेंडा बिन्दुओं पर क्रमवार विचार-विमर्श आरंभ किया गया।

एजेंडा बिन्दुओं पर कार्यवाही का वृत्त :-

सदस्यों द्वारा परीक्षा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। परीक्षा कार्यक्रम, कक्ष व्यवस्था, सहयोग हेतु लिपिक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की उपस्थिति, गोपनीयता तथा अनुशासन बनाए रखने हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। यह निर्णय लिया गया कि सभी विभाग समयबद्ध होकर अपनी तैयारियां पूर्ण करें तथा परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

सभी विभाग आंतरिक मूल्यांकन की परीक्षा महाविद्यालय की परीक्षा समय-सारिणी के अनुसार सम्पन्न कराके समय विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड कराएं।

- समस्त विभागाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने विषय के पाठ्यक्रम की प्रगति से अवगत कराया गया। कुछ विषयों में पाठ्यक्रम आंशिक रूप से शेष पाए जाने पर उन्हें परीक्षा पूर्व समाप्त किए जाने का निर्देश दिया गया।
- निर्देश दिया गया कि शेष पाठ्यक्रम को शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन कर विद्यार्थियों को पूर्ण पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया जाए।
- आवश्यकतानुसार रिवीजन सत्र एवं शंका समाधान कक्षाओं का आयोजन किया जाए।
- विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए मॉडल पेपर, महत्वपूर्ण प्रश्नों की सूची, नियमित परीक्षण (टेस्ट) तथा मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएं।

IQAC समन्वयक प्रो॰ उषा कुमारी ने बैठक में लिए गए समस्त निर्णयों को समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से क्रियान्वित

करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया।

अंत में प्राचार्य जी ने समस्त सदस्यों को साधुवाद देते हुए बैठक को समाप्त करने की घोषणा की।

बैठक में उपस्थित IQAC के सदस्यगण :-

क्रम सं.	सदस्य का नाम	हस्ताक्षर
01.	प्रो. उषा कुमारी	
02.	प्रो. अर्पिता मिश्रा	
03.	श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव	
04.	डॉ. माहेज़बीं	
05.	श्रीमती गज़ाला परवीन	
06.	डॉ. दीपिका दुबे	
07.	श्रीमती सपना साहू	
08.	कु. कामिनी (बी.ए.)	Kamini
09.	अंजनी चौहान (बी.कॉम)	Anjani chauhan
10.	अंशिका (बी.एस)	अंशिका
11.	रागिनी विश्वकर्मा (एम.ए.)	

11/03/2026
प्राचार्य